महत्वपूर्ण एवं खास

जेल परिसर, बुजी भवन, मैरीन ड्राइव की बेशकीमती जमीन पर लोगों का कब्जा

रायगढ़। जिले भर में अतिक्रमणकारियों की गिद्द नजर शासकीय भूमि पर है। जिसमें शहर के मध्य व बाहरी इलाके में भूमाफिया से लेकर अतिक्रमणकारियों द्वारा नजूल भूमि पर रातों रात दुकान व घर बना रहे है। इसकी भनक निगम व नजूल विभाग को भी है परंतु निगम महज नोटिस देकर खानापूर्ति कर दायित्वों से पीछा छुड़ा रहा है जिसका परिणाम अतिक्रमणकारी बेखौफ निर्माण कर रहे है। अतिक्रमणकारी शहर के कोने कोने में अतिक्रमण कर रहे है। जिसमें बेशकीमती जमीन जेल परिसर में दुकान बनाकर जमीन में कब्जा जमा कर कबाड़ दुकान संचालन किया जा रहा है। बुजी भवन के पास व डा.रूपेंद्र पटेल के सामने गुमटी ठेले वालो द्वारा, बाल न्यायालय के बगल मे, एसईसीएल मैरीन ड्राइव व एसएलआरएम सेंटर अगल बगल बेशकीमती जमीन में कब्जा वृहत पैमाने पर किया गया । आलम यह है कि दुकान को ईंट से निर्मित किया जा रहा है। जिसे देख निगम व नजूल प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

नोटिस का नही दिखा असर- मैरिन ड्राइव में दुकान व घर, बाल न्यायालय के बगल महिला शासकीय कर्मचारी द्वारा मकान का निर्माण अशर्फी देवी अस्पताल के सामने गुमटी का निर्माण निगम व नजूल प्रशासन को चिढ़ा रहा है। वही इन दुकानों व मकानों को नोटिस भी दिया गया परंतु यह बेअसर रहा है।

निगम नजूल विभाग की रहमत पर होता है खेल- नजूल भूमि में व्यापक स्तर में कब्जा किया जा रहा है यह खेल वर्षो से संचालित है जिससे शहर संकुचित हो चुका है। शहर के मध्य मेन रोड में रसूखदारों ने नालियों के ऊपर दुकान तो कही घर बनाकर कब्जा तो कही रोड में बड़ी वाहनो को खड़ी करने के लिए पार्किंग बना रखे है। जिसकी शिकायत गाहेबगाहे स्थानीय लोगों द्वारा की जाती है वही मेन रोड में कब्जा से रोड की चौड़ाई कम हो जाती है। इससे आवागमन जद्दोजहद से भरा होता है। यह सभी खेल रसूखदारों द्वारा निगम व नजूल विभाग के रहमत से किया जाता है।

बाबू को बनाया प्रभारी सीएमओ, 3 नप में बदली कुर्सी

नगरीय प्रशासन ने घरघोड़ा, पुसौर एवं बरमकेला के बदले सीएमओ

रायगढ़। नगरीय प्रशासन ने विस चुनाव के बाद घरघोड़ा, पुसौर एवं बरमकेला के सीएमओ बदल दिए हैं। घरघोड़ा में बाबू को प्रभार देकर सीएमओ को कुर्सी दी गई है तो वहीं नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को बरमकेला का सीएमओ बनाकर भेजा गया है। वहीं घरघोड़ा के सीएमओ को पुसौर की कुर्सी दी गई है।

विस चुनाव के बाद जिले में भी अफसरों के ट्रांसफर का सिलसिला जारी है। नगरीय प्रशासन विभाग ने मंगलवार को जिले के 3 नगर पंचायतों के सीएमओ की कुर्सी बदल दी है। नगर निगम में स्वास्थ्य अधिकारी गोपाल दुबे को बरमकेला नपं का सीएमओ बनाया गया है। वहीं घरघोड़ा में सीएमओ रहे जेएस राठिया को पुसौर में पदस्थ किया गया है। इसी तरह घरघोड़ा में सहायक ग्रेड 2 के पर पर कार्यरत ममता चौधरी को प्रभारी सीएमओ बनाकर नपं घरघोड़ा की ही जिम्मेदारी दे दी है। हालाकि इससे पहले भी पूर्व में ममता चौधरी प्रभारी सीएमओ रह चुकी हैं लेकिन उस वक्त उनके कार्यकाल में घोटाले के आरोप लगे थे और डस्टबिन घोटाले के एक मामले में तो नगरीय प्रशासन विभाग ने ममता चौधरी की जांच भी कराई थी। अब पुराने विवादों को दरकिनार नगरीय प्रशासन विभाग ने दोबारा से उनको प्रभारी सीएमओ बनाकर नपं की जिम्मेदारी दे दी है।

19 दिनों तक नही आएगी डाउन जेडी पैसेंजर, 12 ट्रेनें भी रहेंगी रद

रायगढ़। चांपा स्टेशन यार्ड में तीसरी व चौथी लाइन के लिए चल रहे मेंटनेंस के कारण मंगलवार से डाउन जेडी पैसेंजर रद्द हो गई। बिलासपुर से झारसगुड़ा के बीच यह ट्रेन अगले 17 दिनों तक निरस्त रहने के कारण रायगढ नहीं आएगी। इस दौरान करीब 12 एक्सप्रेस ट्रेन भी अलग अलग दिनों में निरस्त रहेगी।

एसईसीआर में आधुनिकीकरण व चांपा स्टेशन यार्ड में तीसरी और और चौथी लाइन में इंटरलाकिंग के काम के कारण रायगढ़ के मुसाफिर भी परेशान होने लगे हैं। मंगलवार से इसका असर देखने को मिल गया। शाम के वक्त डाउन दिशा में आने वाली जेडी पैसेंजर रद्द होने के कारण बिलासपुर से आगे नहीं बढ़ी। इस दौरान डाउन दिशा के मुसफिरों को घंटों इंतजार करना पड़ गया। रायगढ़ स्टेशन में दोपहर डेढ़ बजे आने वाली उत्कल एक्सप्रेस के बाद साढ़े 5 घंटे बाद आजाद हिंद एक्सप्रेस आई। इस दौरान मुसाफिर प्लेटफार्म पर वक्त काटते रहे। जेडी से बड़े पैमाने पर ओडीसा के व्यापारी पार्सल वैन में अपना सामान बुक कर ले जाते हैं। इसलिए ट्रेन के रद्द होने के कारण सबसे ज्यादा परेशानी इन्हीं लोगों को हुई है। चांपा स्टेशन यार्ड में तीसरी तथा चौथी लाइन के इस मेंटनेंस की वजह से अगले 2 फरवरी तक बिलासपुर जोन में ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इसमें कामाख्या, सूरत, सांतरागाछी एक्सप्रेस ट्रेन समेत 12 ट्रेनें विभिन्न तारीखों को रद्द रहेगी। 22 जनवरी से 2 फरवरी तक रायगढ़ से गोंदिया जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस आधे घंटे देरी से छूटेगी। वहीं कुर्ला-पुरी एक्सप्रेस बदले हुए मार्ग से चलेगी।

अगले 17 दिन कब कौन सी ट्रेन रहेगी रद्द

25 जनवरी, हावड़ा-मुंबई साप्ताहिक एक्सप्रेस, 25 जनवरी, पोरबंदर सांतरागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस, 26 जनवरी, माल्दा-सूरत साप्ताहिक एक्सप्रेस, 26 जनवरी, कामाख्या-कुर्ला एक्सप्रेस, 26 जनवरी, शालीमार-भुज साप्ताहिक एक्सप्रेस, 27 जनवरी, मुंबई -हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस, 27 जनवरी, सांतरागाछी-पोरबंदर साप्ताहिक एक्सप्रेस, 28 जनवरी, सूरत-माल्दा साप्ताहिक एक्सप्रेस, 28 जनवरी, नांदेड़-सांतरागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस, 29 जनवरी, भुज-शालीमार साप्ताहिक एक्सप्रेस, 30 जनवरी, कुर्ला-कामाख्या साप्ताहिक एक्घ्सप्रेस, 30 जनवरी, सांतरागाछी-नांदेड साप्ताहिक एक्स

पैसेंजर बनेंगी जनशताब्दी व अहमदाबाद

मेंटनेंस के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए 22 जनवरी से 2 फरवरी तक 2 एक्सप्रेस ट्रेन को पैसेंजर बनाकर चलाया जाएगा। हावड़ा से अहमदाबाद जाने वाली अहमदाबाद एक्सप्रेस को झारसुगुड़ा से रायगढ़ के बीच और रायगढ़ से गोंदिया जाने वाली जनशताब्दी एक्सप्रेस को रायगढ़ से बिलासपुर के बीच पैसेंजर बनाकर चलाया जाएगा। ताकि मुसाफिरों की यात्रा के दौरान थोड़ी परेशानी कम हो सके।

टाटा इतवारी टाटा भी रहेगी रद्द

22 जनवरी से 2 फरवरी तक अप टाटा इतवारी पैसेंजर भी रद्द रहेगी। रायगढ़ में शाम को आने वाली टाटानगर-इतवारी पैसेंजर झारसुगुड़ा में ही समाप्त हो जाएगी और यहीं से वापस टाटा नगर के लिए लौट जाएगी। वहीं डाउन दिशा में दोपहर के समय रायगढ़ आने वाली यही ट्रेन इतवारी से झारसगुड़ा के लिए रद्द रहेगी। इसलिए 21 जनवरी से 1 फरवरी तक यह पैसेंजर रायगढ़ नहीं आएगी।

2 दिन बिलासपुर से छूटेगी गोंडवाना

निजामुद्दीन से रायगढ़ आनेवाली गोंडवाना एक्सप्रेस 29 और 30 जनवरी को रायगढ़ ना आकर बिलासपुर में ही रूक जाएगी।

इस दिन यह ट्रेन बिलासपुर से रायगढ़ के बीच नहीं चलेगी। इसलिए अगले दिन भी रायगढ़ और बिलासपुर के बीच गोड़वान रद्द रहेगी और 30 और 31 जनवरी को रायगढ़ से निजामुद्दीन जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस बिलासपुर से निजामुद्दीन के लिए रवाना होगी।

चक्रधरनगर स्टाफ ने पकड़ा सट्टा पट्टी लिखने वाले 02 व्यक्तियों को

रायगढ़। थाना चक्रधरनगर में कार्यरत सउनि बी.एस. डहरिया, महिला प्रधान आरक्षक रेणु मंडावी तथा आरक्षक संदीप मिश्रा, पुष्पेन्द्र जाटवर द्वारा दिनांक 14.01.19 को मुखबिर सूचना पर महापल्ली सकरबोगा रोड के पास शिवचरण उरांव पिता बाबूलाल उरांव उम्र 21 वर्ष साकिन महापल्ली थाना चक्रधरनगर को सट्टा पट्टी लिखते पकड़े, जिसके पास से 2700 रू. नगद, एक नग सट्टा पट्टी पर्ची जप्त किया गया है ।

सट्टा पट्टी की एक अन्य कार्यवाही अम्बेडकर आवास के पास रेड कर की गई, जहां राम प्रसाद यादव को सट्टा पट्टी राम प्रसाद यादव पिता भुजबल यादव उम्र 37 वर्ष निवासी T.V. टावर प्राची बिहार अम्बेडकर आवास थाना चक्रधरनगर सट्टा पट्टी लिखते मिला, जिसके पास से 04 प्रति सट्टा पट्टी नम्बर लिखा कागज, नगदी रकम 1500 रूपये जप्त किया गया है।

घर में बिना बताये नानी के घर जाने के लिये निकला बालक परिजनों के सपुर्द

रायगढ़। 15 जनवरी की दोपहर करीब 12.30 बजे कोतवाली पुलिस को घर से बिना बताये नानी के घर बलरामपुर जाने के लिए निकला हुआ बालक केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड पर मिला।

केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड ड्यूटी पर प्रतिदिन की भांति कोतवाली स्टाफ आज भी कार्यरत थे। केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड में थाना कोतवाली से लगे स्टाफ बस स्टैण्ड व आसपास की गतिविधियों पर निगाह रखते हैं। इसी दरम्यान आज दोपहर करीब 12.30 बजे बस स्टैण्ड ड्यूटीरत आरक्षक जग्रनाथ साहू व अनुप कुजूर को 10-11 साल का बालक बस स्टैण्ड पर अकेले मिला, बालक स्कुल ड्रेस में था, जिससे दोनों आरक्षकों ने उसके परिजनों के संबंध में पूछताछ किये, तो बालक अपने घर का पता न बताकर शंकरगढ़, जिला बलरामपुर का पता बता रहा था, जिससे आरक्षक को शंका हुआ कि बलरामपुर-सरगुजा की बस, रायगढ़ आयी ही नहीं है तो यह बालक किस साधन से रायगढ़ आया?

दोनों आरक्षकों ने बच्चे से उसके शंकरगढ़ में परिजनों से बात करने को कहकर पूछताछ किये, जिस पर बालक ने शंकरगढ़ अपने नानी व अन्य परिजनों का संपर्क नम्बर दिया, जिनसे आरक्षकों द्वारा पूछताछ करने पर बालक के जामगांव, चक्रधरनगर होने की जानकारी हुई। कोतवाली स्टाफ ने बालक को भरोसे में लेकर फिर पूछताछ किये तो बालक ने बताया कि आज सुबह वह स्कूल जाने के लिये घर से निकला था किन्तु स्कुल न जाकर अपने नानी के घर शंकरगढ़ (बलरामपुर) जा रहा था।

बालक के घर के पते की जानकारी मिलने पर आरक्षक धनंजय कश्यप और कमलेश यादव ने बालक को उसके घर पिता के पास पहुंचाया।

बाजार में लुडो खेल से जुआ खेलाने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

रायगढ़। 14 जनवरी को थाना पूंजीपथरा में कार्यरत सउनि जगतराज सिंह व हमराह स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्राम तुमीडीह बाजार में लुडो पट्टी के अंको में लुडो गोटी से जुआ खेलाने वाले व्यक्ति को पकडे, जुआ खेल रहे व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग गये।

जुआ खेलाने वाला आरोपी सरफराज खान उर्फ सोनू खान पिता लाल खान उम्र 24 वर्ष सा. झरियापाली थाना घरघोडा के पास से दो नग लुडो गोटी, एक बांस की टुकनी, नगदी रकम 2670 रूपये जप्त किया गया है । आरोपी के विरूद्ध थाना पूंजीपथरा में अप.क्र. 10/19 धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

ग्राम बनसिया में चलित थाने कार्यक्रम का आयोजन

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक महोदय राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में आज 15 जनवरी को पुलिस चौकी जूटमिल स्टाफ द्वारा ग्राम बनसिया में चलित थाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

चलित थाने में पुलिस चौकी जूटमिल के उपनिरीक्षक टी.आर. नायक, सहायक उपनिरीक्षक उमाशंकर विशवाल तथा ग्राम बनसिया के पंच-सरपंच, NSS शिविर के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं व गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुश सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिटर्न कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480